IIM 8 शहरों में आयोजित करेगा इंटरव्यू

सिटी रिपोर्टर. रायपुर

आईआईएम रायपुर आगामी 2025-27 सत्र में कॉमन एडमिशन प्रोसेस के तहत इंटरव्यू का हिस्सा नहीं होगा। इसकी जगह आईआईएम रायपुर देशभर के 8 शहरों में अलग से इंटरव्यू प्रोसेस आयोजित करेगा। ऐसे में आईआईएम रायपुर के लिए उम्मीदवारों का चयन उनके कैट स्कोर और पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर किया जाएगा। यह फैसला संस्थान ने अपने आगामी मिशन और उद्देश्यों को लेकर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रोफाइल शॉर्ट लिस्टिंग की प्रक्रिया जनवरी 2025 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी। आईआईएम के डायरेक्टर प्रोफेसर राम कुमार काकानी ने कहा, स्वतंत्र प्रवेश प्रक्रिया अपनाकर, हम आवेदकों को अनुकूल और निर्बाध अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। हमारे साक्षात्कार पैनल में कम से कम एक उद्योग विशेषज्ञ को भी शामिल किया जाएगा। इसके लिए साक्षात्कार आठ शहरों में आयोजित होंगे। यह हमारे एमबीए कार्यक्रम में सामाजिक पहुंच को भी बढ़ाएगा। साथ ही अकादमिक उत्कृष्टता, विविधता और उद्योग की प्रासंगिकता के मामले में मानक स्थापित करता है। आईआईएम रायपुर का दो-वर्षीय प्रमुख एमबीए कार्यक्रम व्यावसायिक प्रबंधन, एनालिटिकल और नवीन सोच में मजबूत नींव वाले नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने के लिए बेहतर तरीके से डिजाइन किया गया है।

इन शहरों में आयोजित होंगे इंटरव्यू

मिली जानकारी के अनुसार एडमिशन के लिए इंटरव्यू प्रक्रिया देश के आठ शहरों - मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ, बेंगलुरु, नई दिल्ली, गुवाहाटी और रायपुर में आयोजित किए जाएंगे। इंटरव्यू संभावित 10 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक होगा। इच्छुक उम्मीदवार पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया और अन्य विवरण इंस्टीट्यूट के आधिकारिक एडमिशन पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं।

Dainik Bhaskar 08 Jan 2025, P.01 (City Bhaskar)